# दिल्ली में प्रदूषण से जंग के लिए 8,300 करोड़ की लागत से पहल

## सीएम रेखा गुप्ता ने कहा- विश्व बैंक के सहयोग से सात साल चलेगा 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' कार्यक्रम

**वाहनों, धूल और औद्योगिक उत्सर्जन पर सख्ती**

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार ने दीर्घकालिक और बहुस्तरीय योजना पर काम तेज कर दिया है। 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' कार्यक्रम के तहत करीब 8,300 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

सात साल का यह कार्यक्रम सितंबर 2026 से अगस्त 2033 तक चलेगा। इसमें 65 प्रतिशत राशि विश्व बैंक के ऋण से और शेष 35 प्रतिशत दिल्ली सरकार वहन करेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों पर एक साथ कार्रवाई करना है। इसमें वायु गुणवत्ता की निगरानी, आंकड़ों का विश्लेषण, तकनीक के इस्तेमाल, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को मजबूत करने पर जोर रहेगा। सरकार इसे केवल सर्दियों तक सीमित अभियान के बजाय पूरे वर्ष चलने वाली व्यवस्था के रूप में आगे बढ़ा रही है।

▪ **वाहनों पर सख्ती:** सरकार की वायु प्रदूषण कार्ययोजना के तहत एक नवंबर से दिल्ली में केवल भारत स्टेज-6 मानकों वाले या सीएनजी और बिजली से चलने वाले मालवाहक वाहनों को प्रवेश की अनुमति देने का प्रावधान है। 'पीयूसी नहीं, ईंधन नहीं' नियम को भी सख्ती से लागू किया जा रहा है। 62 प्रमुख यातायात स्थलों पर जाम कम करने के साथ सड़क की धूल और निर्माण गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। हाल में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल ने सर्दियों से पहले प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा की।

अधिकारियों को सड़क की धूल, निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले मलबे, वाहनों, औद्योगिक उत्सर्जन और खुले में कचरा जलाने पर निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भारत ने नकवी से फिर नहीं ली ट्रॉफी श्रीलंका को हराया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 72 रन से हराकर महिला एशिया कप का खिताब रिकॉर्ड आठवीं बार अपने नाम कर लिया। दुबई में खेले गए फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 183 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। भारत की जीत में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों का भी अहम योगदान रहा। हालांकि खिताबी जीत के बाद पुरस्कार समारोह विवादों में रहा।

भारतीय टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। इस दौरान कुछ भारतीय प्रशंसकों ने उनके खिलाफ 'ट्रॉफी चोर' के नारे लगाए।

# एनकाउंटर में मारे गए दोनों हमलावर युवकों को सोशल मीडिया के जरिए मिला था टारगेट

अशवनी पाहवा/सहजप्रीत सिंह
लुधियाना | समर न्यूज़

आतम पार्क इलाके में रविवार को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) और लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए दोनों युवकों को कथित तौर पर सोशल मीडिया के जरिए टारगेट दिया गया था। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक विदेश में बैठे गैंगस्टरों के संपर्क में थे और उन्हें आतम पार्क के पास आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में कुछ लोगों को निशाना बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

पुलिस को सूचना समय रहते मिल गई, जिसके बाद दोनों युवकों को घेर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, घेराबंदी के दौरान कार सवार युवकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की, जिसमें दोनों की मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान 25 से अधिक राउंड फायरिंग होने की बात सामने आई है। पुलिस ने मौके से तीन 9 एमएम ऑटोमैटिक पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद करने का दावा किया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, रविवार को आतम पार्क के पास 2016 के रवि ख्वाजके हत्याकांड की याद में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। पुलिस का दावा है कि दोनों युवकों को इसी कार्यक्रम में कुछ लोगों को निशाना बनाने का टारगेट दिया गया था। जांच में सामने आया है कि कथित टारगेट उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से मिला था। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि टारगेट किसने दिया और इसके पीछे विदेश में बैठे किन गैंगस्टरों या हैंडलरों की भूमिका थी।

• **पुलिस के मुताबिक विदेश बैठे गैंगस्टर से जुड़े थे दोनों युवक...** *सीपी स्वप्न शर्मा के अनुसार, मुठभेड़ में मारे गए दोनों युवक अमृतसर जिले के रहने वाले थे। प्रारंभिक जांच में उनके विदेश में बैठे गैंगस्टर जॉनी बल के संपर्क में होने की बात सामने आई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों युवकों को किसके जरिए निर्देश मिल रहे थे और उनके स्थानीय स्तर पर कौन-कौन से संपर्क थे। पुलिस विदेश में बैठे हैंडलरों की भूमिका के साथ-साथ सोशल मीडिया के जरिए दिए गए कथित टारगेट की भी जांच कर रही है। एनकाउंटर के बाद घटनास्थल से पुलिस ने खोखे और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य कब्जे में लिए हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस मुठभेड़ की पूरी कड़ी जोड़ने में जुटी है।*

• **करनजीत के परिवार ने बताया फर्जी एनकाउंटर, निष्पक्ष जांच की मांग...** *मुठभेड़ में मारे गए करनजीत सिंह उर्फ नूना के परिवार ने पुलिस के एनकाउंटर के दावे पर सवाल उठाते हुए इसे फर्जी एनकाउंटर बताया है। करनजीत की मां राजत कौर के अनुसार, उसका बेटा लकड़ी का काम करता था और रविवार को घर से काम के लिए निकला था। परिवार का कहना है कि उन्हें करनजीत के एनकाउंटर में मारे जाने की जानकारी बाद में मिली। परिजनों ने पुलिस की कहानी पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। दूसरी ओर, पुलिस सोशल मीडिया से मिले कथित टारगेट, विदेश में बैठे हैंडलरों और दोनों युवकों के स्थानीय संपर्कों की भूमिका की जांच कर रही।*

# बिजली कटों के विरोध में बीकेयू लखोवाल ने घेरा एक्सईएन दफ्तर



गुरमीत सिंह | लालडू
समर न्यूज़

विधानसभा हलका डेराबस्सी में लगाए जा रहे लंबे बिजली कटों और लोगों को भेजे जा रहे भारी-भरकम बिजली बिलों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन लखोवाल ब्लॉक डेराबस्सी ने आज एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया।

धरना सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। बीकेयू लाखोवाल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष हरिंदर सिंह लखोवाल के दिशा-निर्देशों पर यह धरना लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग द्वारा पहले किए गए वादों के बावजूद लंबे कटों का सिलसिला जारी है, जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

किसान नेताओं ने उपभोक्ताओं को बिलों की अदायगी के लिए उचित किस्तों की सुविधा दी जाए। धरने में हरी सिंह बोहड़ा, रणजीत सिंह राणा, नानू सिंह जनेतपुर, जसविंदर सिंह अमलाला, अमरजीत सिंह जस्तना, चरणजीत सिंह तसिंबली, बलबीर सिंह और कुलबीर सिंह जनेतपुर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# डोप टेस्ट में मॉर्फिन बुप्रेनोर्फिन पॉजिटिव युवक पर केस दर्ज

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

बलटाना इलाके में नशे की हालत में मिले करीब 31 वर्षीय अभिषेक शर्मा की तलाशी में पुलिस को कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ, लेकिन डोप टेस्ट में मॉर्फिन और बुप्रेनोर्फिन पॉजिटिव पाए गए। पुलिस के अनुसार 13 सितंबर को एएसआई मेजर सिंह, कांस्टेबल अभिजीत सिंह और महिला कांस्टेबल हुसनप्रीत कौर गश्त पर थे।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने श्मशान घाट के पास वेलवेट होटल की ओर जाने वाली कच्ची सड़क से अभिषेक को पकड़ा। तलाशी में कुछ नहीं मिला। संदेह के आधार पर उसे ढकोली सिविल अस्पताल ले जाकर दोपहर 12:10 बजे डोप टेस्ट कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 27/61/85 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सुखमणि कॉलेज के बाहर किसान संगठनों व ट्रेड यूनियनों का मोर्चा

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़



श्री सुखमणि इंटरनेशनल स्कूल पर गैर-कानूनी तरीके से हटाए गए कर्मचारियों बलजीत सिंह, मनदीप सिंह, कमलजीत सिंह और सरवण कुमार की बहाली की मांग को लेकर किसान संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने सोमवार को सुखमणि कॉलेज कैंपस के मुख्य गेट के बाहर पक्का मोर्चा शुरू कर दिया।

बड़ी संख्या में किसान नेता और यूनियन सदस्य सुबह से ही धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान सुखमणि कॉलेज के डायरेक्टर दमनजीत सिंह के साथ संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन ने मामले के समाधान के लिए शुक्रवार तक का समय मांगा, ताकि बातचीत के जरिए विवाद का निपटारा किया जा सके। संगठनों ने प्रबंधन की अपील को स्वीकार करते हुए शुक्रवार तक समय देने का फैसला किया है। किसान नेताओं ने कहा कि दिन-रात पक्का मोर्चा जारी रहेगा, लेकिन शुक्रवार तक कोई बड़ा सख्त कदम नहीं उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि शुक्रवार को होने वाली बैठक में कर्मचारियों की बहाली को लेकर ठोस समाधान नहीं निकला, तो संगठनों की बैठक बुलाकर अगला संघर्ष तेज किया जाएगा। लाखोवाल यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला ने चेतावनी दी कि शुक्रवार तक कर्मचारियों की बहाली पर फैसला नहीं हुआ तो बड़ा एक्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन और प्रशासन की होगी।

# केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन से एक की गई जान यात्रा रोकी गई; बिहार में बाढ़ से लाखों प्रभावित

▪ **उत्तराखंड में चीरबासा के पास बोल्डर गिरने से हादसा, गंगा उफान पर; मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी भारी बारिश का अलर्ट**

एजेंसी। नई दिल्ली



देश के कई हिस्सों में मानसून की सक्रियता से हालात बिगड़ गए हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा हेलीपैड के पास पहाड़ी से बोल्डर गिरने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद सुरक्षा को देखते हुए केदारनाथ यात्रा दोनों ओर से रोक दी गई है।

प्रशासन और बचाव दल मार्ग की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। लगातार बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। बिहार में गंगा समेत कई नदियों के उफान से बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के 14 जिले प्रभावित बताए गए हैं और लाखों लोग बाढ़ की चपेट में हैं। गंगा का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। भागलपुर में बढ़े जलस्तर के कारण पर्यटक क्रूज का संचालन भी प्रभावित हुआ। ऊंचे जलस्तर के कारण पुलों के नीचे जहाज के निकलने में पर्याप्त जगह नहीं बची थी।

▪ **क्रूज यात्रियों को सुरक्षित निकाला:** गंगा में फंसे 'राजमहल' क्रूज पर सवार विदेशी पर्यटकों को सुरक्षा कारणों से उतारकर वैकल्पिक माध्यम से आगे भेजा गया। जलमार्ग अधिकारियों और स्थानीय बचाव दल ने क्रूज की आवाजाही पर नजर रखी। गंगा का जलस्तर बढ़ने से बिहार के नदी किनारे के गांवों में भी आवागमन प्रभावित हुआ है।

# 1.40 करोड़ की लागत से बन रही लादियां-बाड़ेवाल सड़क, निर्माण पूरा होने से पहले ही गुणवत्ता पर सवाल



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

हल्का गिल के अंतर्गत आने वाले लादियां से बाड़ेवाल डोगरा बचन सिंह मार्ग पर करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है।

वर्षों से बदहाल सड़क से परेशान लोगों को नई सड़क से राहत की उम्मीद थी, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान ही इसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि सड़क का निर्माण तय मानकों के मुताबिक नहीं किया जा रहा। लोगों के मुताबिक सड़क का लेवल कई जगह एक समान नहीं है। कहीं सड़क ऊंची नजर आ रही है तो कहीं नीची, जबकि नई सड़क का लेवल समतल होना चाहिए।

कई हिस्सों में सड़क की सतह भी उबड़-खाबड़ दिखाई देने का लोगों ने दावा किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सड़क निर्माण पर 1.40 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है, तो निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। वर्षों बाद सड़क बनने का मौका मिला है।



▪ *मामला सामने आने के बाद हल्का गिल के विधायक* ***जीवन सिंह संगोवाल*** *ने भी इसका संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर अगर लोगों की शिकायत सामने आई है तो इसकी जांच करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि कल अपनी टीम मौके पर भेजकर चेकिंग करवाएंगे। अगर कुछ भी गलत पाया गया तो उसे ठीक करवाया जाएगा। अब विधायक की टीम और पीडब्ल्यूडी की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि सड़क के लेवल और सतह को लेकर उठे सवालों में कितनी सच्चाई है। वहीं, करीब 1.40 करोड़ रुपए की लागत से बन रही इस सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवालों के बाद विभाग की कार्रवाई पर लोगों की नजर रहेगी।*

# सिमरन ढोला ने वार्ड-16 के विकास कार्य रोकने के लगाए आरोप

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 16 की पार्षद किरणदीप कौर ढोला के पति सिमरन ढोला ने नगर परिषद अधिकारियों और कुछ पार्षदों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक रंजिश के चलते वार्ड के विकास कार्यों में जानबूझकर बाधा डाली जा रही है और उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है।

उन्होंने करीब एक माह पहले रुके विकास कार्य शुरू करवाने और आगामी हाउस मीटिंग में उन्हें मंजूरी दिलाने के लिए अधिकारियों को मांगपत्र दिया था। इसके बावजूद कई काम अधूरे पड़े हैं और बनी सड़कों से इंटरलॉकिंग टाइलें तक उखाड़ दी गई हैं। उन्होंने नगर परिषद में आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को शामिल करने का आरोप लगाते हुए हालिया अपहरण मामले का भी जिक्र किया।

# बिजली संकट पर सड़क पर उतरी पंजाब डाइंग इंडस्ट्री, लुधियाना-चंडीगढ़ रोड जाम



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

पंजाब में बिजली संकट को लेकर इंडस्ट्री का गुस्सा सोमवार को सड़क पर उतर आया। लुधियाना में डाइंग उद्योगपतियों ने बिजली के लंबे कटों के विरोध में लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर धरना देकर चक्का जाम कर दिया। बड़ी संख्या में उद्योगपति और उनके समर्थक सड़क पर जुटे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पंजाब डायर एसोसिएशन के अशोक मक्कड़, बॉबी जिंदल और कमल चौहान ने आरोप लगाया कि इंडस्ट्री को 14-14 घंटे तक बिजली कटों का सामना करना पड़ रहा है। इससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है और लेबर भी काम छोड़कर जाने लगी है। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि इंडस्ट्री को पंजाब में ब्लैकआउट होने का डर सताने लगा है।

इससे पहले लुधियाना में बिजली मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने दावा किया कि पंजाब में अब लंबे बिजली कट नहीं लगेंगे और 15 सितंबर से कट लगने बंद हो जाएंगे। उद्योगपतियों ने मंत्री के इस दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि इंडस्ट्री को 14-14 घंटे के कट क्यों झेलने पड़ रहे हैं।

# वेतन में देरी और 15% बढ़ोतरी न होने पर निगम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम के कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने और कच्चे कर्मचारियों की 15 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी लागू न होने के विरोध में सोमवार को जोन-डी कार्यालय में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

इस दौरान कच्चे और पक्के कर्मचारियों ने एकजुट होकर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगें जल्द पूरी करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद निगम के एडिशनल कमिश्नर ने कर्मचारियों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि आगे से हर माह की तनख्वाह 5 तारीख तक जारी कर दी जाएगी। कच्चे कर्मचारियों की 15 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी का मुद्दा भी अधिकारियों के सामने रखा।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इस मामले को लेकर मंगलवार को निगम कमिश्नर से बातचीत की जाएगी और जल्द समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, कर्मचारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 5 तारीख तक वेतन जारी नहीं हुआ तो 6 तारीख को प्रदर्शन करेंगे।

# ब्रिटेन के भविष्य पर नई बहस की शुरुआत

एजेंसी | लंदन

यूनाइटेड किंगडम के भविष्य को लेकर राजनीतिक बहस एक बार फिर तेज हो गई है। स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड के प्रमुख नेता कार्डिफ में बैठक करेंगे। बैठक में तीनों क्षेत्रों के लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार और भविष्य में स्वतंत्रता या संवैधानिक बदलाव पर जनमत संग्रह कराने के अधिकार को लेकर साझा रुख सामने आने की संभावना है। नेताओं की ओर से एक समझौते या साझा घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने की तैयारी है।

यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि फिलहाल तीनों स्वायत्त क्षेत्रों में ऐसी राजनीतिक ताकतें सरकार चला रही हैं जो ब्रिटेन की मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था में बदलाव की समर्थक हैं। स्कॉटलैंड में प्रथम मंत्री जॉन स्विनी, वेल्स में रून अप इओरवर्थ और उत्तरी आयरलैंड में मिशेल ओ'नील इस बैठक में शामिल होंगे।

# हिंदी भाषा विरासत तथा सस्कृति का हिस्साः कृष्ण खटकड़





जगदीश लाल। नवांशहर
समर न्यूज़

पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुकंदपुर ने इंटरनेशनल हिंदी डे उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर लेक्चरर हिंदी जसविंदर मैडम, डॉ. इंद्रजीत पाल स्मेत स्टूडेंट्स ने हिंदी भाषा के महत्व पर भाषण, नाटिका,पोस्टर मेकिंग पतियोगिता में हिस्सा लिया।

मेधावी बच्चों को इस मौके पर सम्मानित भी किया गया। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर दविंदर कौर ने हिंदी भाषा की उत्पत्ति तथा हिंदी भाषा का मनुष्य के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने हिंदी में काम करने तथा हिंदी साहित्य पढ़ने के एस्टूडेंट्स की हिम्मत बढ़ाई।

स्कूल के प्रिंसिपल श्री किशन खटकड हिंदी भाषा हमारी विरासत तथा सस्कृति का हिस्सा है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ की तरफ से केक काटा गया स्टूडेंट्स और स्टाफ को हिंदी डे की शुभकामनाएं दीं। लेक्चरर हिंदी जसविंदर मैडम ने हिंदी दिवस पर स्कूल स्टाफ तथा बच्चों की तरफ से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# हारे के सहारे बाबा श्याम की महिमा अपरंपारः बीके शर्मा

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

बनवारी तेरी चाहत ने दीवाना बना दिया" "तेरी आंख का हर आंसू, बाबा मेरी लाज बचाने आएगा आदि भजनों पर भक्तजन मस्ती में झूम रहे थे और पूरा माहौल खाटूमय जैसा प्रतीत हो रहा था मौका था चंडीगढ़ रोड कोहाडा चौक के पास नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल, एल.आर. मित्तल, व अनिल मित्तल की अध्यक्षता में करवाए साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन का।जिसमे अनामिका शर्मा द्वारा बाबा श्याम का कीर्तन किया जा रहा था।सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित तारानाथ एवं पंडित करण शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा को पुष्पमालाएं अर्पित की गईं।

# रात में सड़कों का हाल देखने उतरीं मेयर, दो टूक - देरी नहीं चलेगी

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



नहरी पानी प्रोजेक्ट के लिए खोदी गई सड़कों के पुनर्निर्माण में हो रही देरी को लेकर अब नगर निगम प्रशासन हरकत में आया है। रविवार रात मेयर इंद्रजीत कौर खुद सड़कों पर उतरीं और रिषी नगर की इनकम टैक्स ऑफिस रोड समेत कई इलाकों में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया।

मेयर ने न केवल काम की स्थिति देखी, बल्कि अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि सड़कें बनाने के काम में अब किसी तरह की ढिलाई या देरी बर्दाश्त नहीं होगी। मेयर ने अधिकारियों से मौके पर सड़क निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वाटर सप्लाई लाइन बिछाने के लिए जिन सड़कों को खोदा गया है, उन्हें जल्द से जल्द दोबारा तैयार किया जाए। लंबे समय तक सड़कें खुदी रहने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। ऐसे में निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करना जरूरी है।

▪ **काम की रफ्तार बढ़ाने के साथ गुणवत्ता पर भी नजरः** *मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण की रफ्तार बढ़ाने के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल्दबाजी के नाम पर घटिया काम स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन स्थानों पर सड़क निर्माण चल रहा है, वहां अधिकारी लगातार निगरानी रखें और काम में किसी तरह की कमी सामने आने पर उसे तुरंत ठीक करवाएं।*

▪ **रिषी नगर से दुगरी-किचलू नगर तक सड़कों का कामः** *नहरी पानी प्रोजेक्ट के तहत रिषी नगर, मॉडल टाउन एक्सटेंशन स्थित श्मशान घाट रोड, सराभा नगर, दुगरी और किचलू नगर समेत कई इलाकों में खोदी गई सड़कों को दोबारा बनाने का काम चल रहा है। मेयर ने इससे पहले अधिकारियों के साथ बैठक कर इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद रविवार रात उन्होंने खुद मौके पर पहुंचकर यह देखा कि जमीनी स्तर पर काम किस रफ्तार से चल रहा है।*

▪ **लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगीः** *मेयर इंद्रजीत कौर ने कहा कि सड़क पुनर्निर्माण के काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नहरी पानी प्रोजेक्ट के लिए खोदी गई सड़कों को जल्द दुरुस्त करवाना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के मार्गदर्शन में शहर में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट चल रहे हैं और नगर निगम का प्रयास है कि इनका लाभ सीधे शहरवासियों तक पहुंचे।*